

DR. JAGAT RAM

Dr. Jagat Ram is the Director and a Professor of Ophthalmology at the Post Graduate Institute of Medical Education and Research (PGIMER), Chandigarh. Besides, he is a member of the Board of Governors of Medical Council of India since September 27. 2018. He also holds the additional charge of Director, AIIMS, Rae Bareilly (UP), Bhatinda (PB) and Bilaspur (HP).

2. Born on October 17, 1956, Dr. Jagat Ram received his Medical Degree (MBBS) from Medical College Shimla (H.P.) in 1978 followed by residency in Ophthalmology (MS) at PGIMER Chandigarh followed by senior residency. He joined as faculty in Ophthalmology from June 1985 and rose to become a professor. He was awarded WHO Fellowship in Phaeoemulsification at Storm Eye Institute, Charleston, USA in 1993-1994 and in Pediatric Cataract Surgery in 1998 at the same Institute.

3. Dr. Jagat Ram is recognized internationally for his outstanding contributions in the field of Cataract and Refractive Surgery for his innovative surgical procedures and offering charitable and tertiary care services to millions of patients. He has conducted several thousand cataract surgical procedures with intraocular lens implantation on adult patients and over ten thousands cataract surgery with intraocular lens implatation in children over a period of 39 years.

4. Dr. Jagat Ram has regularly offered his services as an Eye Surgeon free of cost in over 140 Eye Relief and Screening Camps organized for the poorest of poor patients. He trained hundreds of postgraduate students and ophthalmologists in specialized cataract surgery deputed and selected from all over the country. During his two-year foreign deputation at Republic of Seychelles by the Government of India (2003-2005), he was instrumental in eliminating the backlog of cataract blindness. He has contributed over 450 lectures on pediatric and age- related-cataract in National and International conferences. As a researcher, he contributed over 300 research publications in the reputed indexed National and International Medical Journals including New England Journal of Medicine and Lancet. He has completed over 40 research projects with National and International Collaborative support. He is the first and the only invitee from Asia-Pacific region to contribute to a Complete Issue on "Elimination of Cataract Blindness" in the world famous journal "Survey of Ophthalmology" in 1999.

5. Dr. Jagat Ram is a recipient of the most prestigious award Best of the Best Winner for A New Surgical Techniques, "Management of Double Crystalline Lens" at American Society Cataract and Refractive Society (ASCRS) held at San Francisco, USA. 2013. He also received Oscar of Pediatric Ophthalmology at World Congress of Pediatric Ophthalmology in Barcelona in 2015. On May 9, 2016, he received Best of the Best Award again at New Orleans, USA and Winner Awards held at ASCRS at Washington DC in 2018 .

पद्म श्री



डॉ. जगत राम

डॉ. जगत राम पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ में निदेशक एवं नेत्र विज्ञान के प्रोफेसर हैं। इसके अलावा, आप 27 सितम्बर, 2018 से बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ऑफ मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य भी हैं। आपको एम्स, रायबरेली (उत्तर प्रदेश), भटिंडा (पंजाब) तथा बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) में निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा गया है।

2. आपका जन्म 17 अक्तूबर, 1956 में हुआ था। आपने वर्ष 1978 में मेडिकल कॉलेज शिमला (हिमाचल प्रदेश) से मेडिकल डिग्री (एमबीबीएस) प्राप्त की तथा उसके पश्चात् पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ से नेत्र विज्ञान में रेजीडेंसी और उसके उपरांत सीनियर रेजीडेंसी की उपाधि प्राप्त की। आपने वर्ष 1985 में नेत्र विज्ञान विभाग में फैकल्टी के रूप में ज्वाइन किया तथा बाद में आप प्रोफेसर पद पर आसीन हुए। आपको स्टोम आई इंस्टीट्यूट, चार्ल्सटन, अमेरिका में वर्ष 1993-94 में फाइयोइमल्सीफिकेशन में डब्ल्यूएचओ फेलोशिप तथा वर्ष 1998 में इसी संस्थान में पीडियाट्रिक कैटरेकट सर्जरी में फेलोशिप से सम्मानित किया गया।

3. प्रोफेसर जगत राम को कैटरेक्ट एवं रिफेक्टिव सर्जरी के क्षेत्र में अपनी नवीन सर्जरी प्रक्रियाओं का प्रयोग करने तथा असंख्य रोगियों को धर्मार्थ एवं तृतीयक सुविधा सेवाएं प्रदान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त है। आपने 39 वर्षों के अपने कार्यकाल के दौरान वयस्क रोगियों में इन्ट्राऑक्यूलर लेन्स इम्प्लांटेशन के माध्यम से कई हजार रोगियों एवं कई हजार बच्चों की कैटरेक्ट सर्जरी की है।

4. आप अत्यधिक गरीब रोगियों के लिए आयोजित किए जाने वाले 140 से भी अधिक आई रिलीफ एंड स्क्रीनिंग कैम्पों में नेत्र चिकित्सा सर्जन के रूप में नियमित रूप से नि:शुल्क सेवाएं प्रदान करते रहते हैं। आपने देशभर से नियुक्त किए गए तथा हजारों पोस्ट ग्रेजुएट विद्यार्थियों तथा नेत्र विशेषज्ञों को विशेषीकृत कैटरेक्ट सर्जरी का प्रशिक्षण प्रदान किया है। भारत सरकार द्वारा (वर्ष 2003-2005) रिपब्लिक ऑफ सेशेल्स में दी गई विदेशी प्रतिनियुक्ति के अपने दो वर्ष के कार्यकाल के दौरान, आपने कैटरेक्ट की वजह से अंधे हुए लोगों के बैकलॉग को समाप्त करने में अहम भूमिका निभायी। आपने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में पीडियाट्रिक तथा आयु संबंधी कैटरेक्ट के विषय में 450 से अधिक लेक्चर दिए हैं। अनुसंधानकर्ता के रूप में, आपको न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसन एंड लेंसेट सहित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल पत्रिकाओं में 300 से भी अधिक रिसर्च पब्लिकेशन लिखने का श्रेय प्राप्त है। आपने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहायता से 40 से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा किया है। प्रोफेसर राम प्रथम एवं एकमात्र ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें वर्ष 1999 में विश्व प्रसिद्ध पत्रिका ''सर्वे ऑफ ऑपथोल्मोंलॉजी'' में ''ऐलिमिनेशन ऑफ कैटरेक्ट ब्लाइंडनैस'' विषय पर अपने अनुभव देने के लिए एशिया - प्रशांत क्षेत्र की ओर से आमंत्रित किया गया था।

5. आपको वर्ष 2013 में सेनफ्रांसिस्को, यूएसए में अमेरिकन सोसाइटी कैटरेक्ट एंड रिफ्रैक्टिव सोसाइटी में आयोजित एक नवीन सर्जरी तकनीक ''मैनेजमेंट ऑफ डबल क्रिस्टलाइन लेंस'' के लिए 'बेस्ट ऑफ द बेस्ट विनर' के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आपको वर्ष 2015 में बार्सिलोना में आयोजित वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ पीडियाट्रिक ऑपथॉल्मोलॉजी में ऑस्कर ऑफ पीडियाट्रिक ऑपथोल्मोलॉजी से अलंकृत किया गया। 09 मई, 2016 को न्यू ऑरलिंस में आपको पुनः बेस्ट ऑफ द बेस्ट अॅवार्ड से सम्मानित किया गया तथा एएससीआरएस में वर्ष 2018 में आपको वाशिंगटन डीसी में विनर्स अॅवार्ड प्रदान किया गया।